Cambridge Assessment International Education

# Cambridge International AS Level

**HINDI LITERATURE** **8675/04**

Paper 4 Texts **October/November 2021**

MARK SCHEME

Maximum Mark: 75

**Published**

This mark scheme is published as an aid to teachers and candidates, to indicate the requirements of the examination. It shows the basis on which Examiners were instructed to award marks. It does not indicate the details of the discussions that took place at an Examiners' meeting before marking began, which would have considered the acceptability of alternative answers.

Mark schemes should be read in conjunction with the question paper and the Principal Examiner Report for Teachers.

Cambridge International will not enter into discussions about these mark schemes.

Cambridge International is publishing the mark schemes for the October/November 2021 series for most Cambridge IGCSE™, Cambridge International A and AS Level components and some Cambridge O Level components.



© UCLES 2021

## Generic Marking Principles

These general marking principles must be applied by all examiners when marking candidate answers. They should be applied alongside the specific content of the mark scheme or generic level descriptors for a question. Each question paper and mark scheme will also comply with these marking principles.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 1:

Marks must be awarded in line with:

- the specific content of the mark scheme or the generic level descriptors for the question
- the specific skills defined in the mark scheme or in the generic level descriptors for the question
- the standard of response required by a candidate as exemplified by the standardisation scripts.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 2:

Marks awarded are always **whole marks** (not half marks, or other fractions).

GENERIC MARKING PRINCIPLE 3:

Marks must be awarded **positively**:

- marks are awarded for correct/valid answers, as defined in the mark scheme. However, credit is given for valid answers which go beyond the scope of the syllabus and mark scheme, referring to your Team Leader as appropriate
- marks are awarded when candidates clearly demonstrate what they know and can do
- marks are not deducted for errors
- marks are not deducted for omissions
- answers should only be judged on the quality of spelling, punctuation and grammar when these features are specifically assessed by the question as indicated by the mark scheme. The meaning, however, should be unambiguous.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 4:

Rules must be applied consistently, e.g. in situations where candidates have not followed instructions or in the application of generic level descriptors.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 5:

Marks should be awarded using the full range of marks defined in the mark scheme for the question (however; the use of the full mark range may be limited according to the quality of the candidate responses seen).

GENERIC MARKING PRINCIPLE 6:

Marks awarded are based solely on the requirements as defined in the mark scheme. Marks should not be awarded with grade thresholds or grade descriptors in mind.

© UCLES 2021

**Component 4: Texts**

Candidates must write their answers in the target language. Examiners will look for a candidate's ability to communicate effectively and will ignore linguistic errors which do not impede communication.

**Passage-based questions**

Examiners should consider the extent to which candidates have been able to identify the significant issues raised in the passage and, where appropriate, have applied these to the text as a whole. The passage is a stimulus passage, to be used as a springboard to give candidates a starting point for their answer. Examiners should allow candidates to use the passage as they choose, and ask themselves how successfully the candidates have manipulated their material and to what extent they have shown depth of awareness and knowledge of the workings of the text under discussion. This is not an exercise in literary criticism: Examiners should reward candidates whose answers show good understanding of how a text works and how an author has conveyed the key issues.

**Essay questions**

A prime consideration is that candidates show detailed knowledge and understanding of the text.

**Extracts from Examiners' Notes**

This paper is intended to test candidates' knowledge of a text and their ability to use this knowledge to answer questions in a clear and focused manner. A sophisticated literary approach is not expected (though at the highest levels it is sometimes seen), but great value is placed on evidence of a first-hand response and thoughtful, personal evaluation of what candidates have read. Candidates may have been encouraged to depend closely on prepared notes and quotations: quotation for its own sake is not useful, though it will not be undervalued if used appropriately to illustrate a point in the answer.

Candidates do not tend to show all the qualities or faults described in any one mark-band. Examiners attempt to weigh all these up at every borderline, in order to see whether the work can be considered for the category above. At the lower levels, the answer may mention a few 'facts' but these may be so poorly understood, badly organised and irrelevant that it falls into category 10–11; or there may be just enough sense of understanding and focus for the examiner to consider the 12–13 band. Again, at a higher level, an answer may be clear, solid and conscientious (perhaps 18–19), without showing quite the control and attention to perceptively chosen detail which would justify 20 or more.

Examiners take a positive and flexible approach and, even when there are obvious flaws in an answer, reward evidence of knowledge and especially any signs of understanding and careful organisation.

© UCLES 2021 

| Marks | Description |
|---|---|
| **22–25** | Exceptional work. Excellent ability to organise material, thorough knowledge, considerable sensitivity to language and to author's intentions, understanding of some literary techniques. Really articulate and intelligent answers should be considered in this band even if there are still flaws and omissions. |
| **20–21** | Very good. Close attention to detail of passages, controlled structure, perceptive use of illustration, good insight when discussing characters. Ability to look beyond the immediate material and to show some understanding of author's intentions and of underlying themes. |
| **18–19** | Thoroughly solid and relevant work. Candidate does not simply reproduce information: can discuss and evaluate material and come to clear conclusion. Good focus on passages. Some limitations of insight but coherent, detailed approach and aptly chosen illustrations. |
| **16–17** | Painstaking. Sound knowledge of texts; mainly relevant. Some attempt to analyse and compare, some sense of understanding. Possibly not in full control of material; solid but indiscriminate. Many very conscientious candidates fall into this category: they tend to write far too much as they are reluctant to leave out anything they have learnt. Focused, coherent essays which lack really solid detail but convey a good understanding of the text should also be considered for this band. |
| **14–15** | Fair relevance and knowledge. Better organised than work in the 12–13 band: the candidate probably understands the demands of the question without being able to develop a very thorough response. Still a fairly simple, black and white approach. Some narrative and 'learnt' material but better control and focus than work in the 12–13 band. Many candidates probably fall into this category. |
| **12–13** | Sound, if simple and superficial, knowledge of plot and characters. Makes assertions without being able to illustrate or develop points. Probably still too dependent on narrative and memorised oddments but there may be a visible attempt to relate these to the question. Can extract one or two relevant points from a set passage. |
| **10–11** | Some very basic material but not much sense of understanding or ability to answer the question. The candidate rarely reads the set passage but uses it as a springboard for storytelling and memorised bits and pieces about characters. Very general, unspecific approach. Random, bitty structure. Signs of organisation and relevance should be looked for in case the answer can be considered for a mark in the 12–13 band. |
| **6–9** | Marginally more knowledge here than in the 0–5 band. The candidate may have read the text but is probably unable to see beyond the barest bones of the plot or half-remembered notes. Insubstantial; very little relevance. The candidate may have problems with the language and will be unable to express ideas comprehensibly. |
| **0–5** | No discernible material. Often very inadequate language. Marks in this section are awarded almost on the basis of quantity: up to 3 for a sentence or two showing a glimpse of knowledge, 4 or 5 where there is also a hint of relevance to the question. It is possible for a candidate to write a whole page demonstrating no knowledge at all (have they read the book?), or only misunderstood background facts or very vague general remarks unrelated to either text or question. |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **<u>भाग 1</u>** | |
| 1 | **सूरसागर सार – सूरदास और श्रीरामचरितमानस – तुलसीदास** | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(a) | प्रस्तुत पद 'सूरसागर' के 'विनय तथा भक्ति' से उद्धृत है। महाकवि सूरदास का नाम हिंदी साहित्य में सगुणोपासक भक्तकवि के रूप में प्रसिद्ध है। वे भक्त पहले और कवि बाद में हैं। उनकी भक्तिभावना में अनन्यता और तल्लीनता दृष्टिगोचर होती है।<br>प्रस्तुत पद में सूरदास ने अनेक उदाहरणों सहित प्रभु की भक्तवत्सलता की प्रशस्ति की है। भक्तवत्सलता प्रभु का बाना अर्थात निजी स्वरूप है। प्रभु स्वभाव से ही भक्तवत्सल हैं वे भक्तों पर अकारण स्नेह रखते हैं। उसके लिए वे जाति, गोत्र, कुल, नाम, यहाँ तक कि राजा और रंक तक में भेद नहीं करते। सूरदास कहते हैं, हे प्रभु शिव ब्रह्मा आदि की कौन जाति है, मैं अज्ञानी नहीं जानता। जहाँ अहंकार की भावना होती है, वहाँ प्रभु का सान्निध्य नहीं प्राप्त हो सकता, अत: हम अहंकार की भावना को क्यों प्रश्रय दें? अपनी मान्यता की पुष्टि के लिए सूरदास प्रभु की भक्तवत्सलता के उदाहरण स्मरण कराते हैं। यद्यपि प्रह्लाद ने दैत्य वंश में जन्म लिया था, तथापि उसकी रक्षा के लिए प्रभु स्तम्भ से प्रकट हुए। वे रघुवंश में रामचंद्र जी के रूप में प्रकट हुए तथा श्रीकृष्ण के रूप में गोकुल को अपना स्थान बनाया। भक्त की महिमा का बखान आसानी से नहीं किया जा सकता, इसलिए मैं बार बार उनका वर्णन कर रहा हूँ। ध्रुव राजपुत्र थे, विदुर दासीपुत्र थे (और भी क्या विवरण दूँ?) किंतु उनके उद्धार में प्रभु ने कोई भेद-भाव नहीं किया। युगों से भगवान का यह बिरद अर्थात यश चला आ रहा है कि वे भक्तों के हाथ बिक चुके हैं। महाराज युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी महत्ता का विचार न करके अपने हाथ में जल लेकर राजाओं के चरण धोये। जिह्वा एक है, किंतु श्याम के गुण अनेक हैं, उनका बखान कहाँ तक करूँ? सूरदास के प्रभु की महिमा असीम है, वेद तथा पुराण इसके साक्षी हैं।<br>वल्लभाचार्य जी से दीक्षा लेने से पहले सूरदास ने विनय के पद ही लिखे थे। इस पद में दैन्य, दास्यभाव, भक्तवत्सलता, समर्पण और प्रभुकृपा पर अटूट विश्वास दर्शनीय है। करुणानिधान प्रभु की भक्तवत्सलता के अनेक उदाहरणों द्वारा सूरदास यह प्रतिपादित करते हैं कि उनकी कृपा का पात्र बनने के लिए सबसे बड़ी योग्यता उनकी भक्ति है। प्रभु शरणागत से कभी विमुख नहीं होते – उनकी भक्तिभावना की यह आधारशिला है।<br>राम और कृष्ण दोनों प्रभु के अवतार हैं और सूरदास दोनों के प्रति अपनी अनन्य भक्ति निवेदित करते हैं। तुलसीदास ने भी 'ऐसो को उदार जग माही, बिनु सेवा जो द्रवहि दीन पर राम सरिस कोउ नाही' और 'जबहि दीनदयाल के भनक पड़ैगी कान' द्वारा यह अटूट विश्वास व्यक्त किया है कि भक्त के कष्ट की भनक मात्र पड़ने पर भगवान स्वयं उनकी रक्षा हेतु आते हैं। इसके साथ ही ब्रज भाषा के सहज माधुर्य और सूरदास के कवित्व- कौशल का भी यह उत्कृष्ट उदाहरण है | 25 |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | श्रीरामचरितमानस एक चरित काव्य है जिसमें तुलसीदास ने अपने आराध्य श्रीराम के सम्पूर्ण जीवन का वर्णन किया है। राम चरित लिखते समय तुलसी उनके अलौकिक रूप का प्रतिपल स्मरण कराते हैं। तुलसीदास राम भक्त पहले और महाकवि बाद में हैं। अपने आराध्यदेव के अलौकिक रूप का वर्णन करने का कोई भी अवसर नहीं चूकते हैं। श्री राम के चरित्र का गान करने का उद्देश्य उनके अलौकिक रूप की प्रतिष्ठा करना है।<br>उत्तरकाण्ड में रामचरितमानस की कथा का समापन है। पृथ्वी पर अधर्म का विनाश और धर्म की प्रतिष्ठा करने के लिए राम ने दशरथ के पुत्र के रूप में जन्म लिया। उत्तरकाण्ड में चौदह वर्ष के बनवास की अवधि पूरी होने की कथा है। रावण का वध करने के बाद श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, लंकापति विभीषण, वानरराज सुग्रीव, नल, नील, जाम्बवान और अंगद सहित अयोध्या लौटे। राम का राज्याभिषेक और उनके शासनकाल के प्रभाव का वर्णन करते समय तुलसी अपने आराध्यदेव को मनुज रूप में चित्रित करते हैं। तुलसी के राम मनुष्यों में श्रेष्ठ – मर्यादा पुरुषोत्तम, धर्मनिष्ठ, कर्तव्यपालक और दयावान शासक हैं। उनका उद्देश्य अयोध्या में एक आदर्श राज्य की स्थापना करना है। तुलसीदास ने एक ऐसे रामराज्य की परिकल्पना की है जहाँ प्रकृति और मानव समाज के चरम आदर्श रूप के दर्शन होते हैं।<br>**<u>प्रकृति</u>** अयोध्या में प्रकृति सदैव अनुकूल रहती है, किसी प्रकार के प्राकृतिक प्रकोप नहीं व्यापते। शीतल मंद सुगंधित पवन चलता रहता है, धरती सदा खेती से भरी रहती है, गौएँ मनचाहा दूध देती हैं। समुद्र अपनी मर्यादा में रहता है और लहरों द्वारा तट पर मनुष्यों के लिए रत्न डाल देता है वनों में वृक्ष सदा फलते-फूलते हैं। लता और वृक्ष मांगने से ही मकरंद टपका देते हैं। वन में हाथी और सिंह परस्पर वैर भाव भूलकर एक साथ विचरण करते हैं। पशु-पक्षियों ने वैर भाव भुलाकर आपस में प्रेम बढ़ा लिया है। पक्षी मीठे स्वर में कूजते हैं।<br>**<u>समाज</u>** में किसी को भी दैहिक, दैविक और भौतिक ताप नहीं व्यापते। सभी मनुष्य परस्पर प्रेम से अकाल मृत्यु, रोग और शोक मुक्त जीवन व्यतीत करते हैं। न कोई दरिद्र है, न दुखी और न ही दीन या मूर्ख! सभी दम्भरहित और धर्म-परायण और पुण्यात्मा हैं। वे दूसरों का उपकार करते हैं और उपकारी के प्रति कृतज्ञ हैं। वे ब्राहमणों की सेवा करते हैं। पुरुष एकपत्नीव्रत और स्त्रियाँ मन, वचन और कर्म से पति का हित करने वाली हैं।<br>**<u>धर्म</u>** वैदिक नीति और धर्म की मर्यादा अपने चारों चरणों – सत्य, शौच, दया और दान सहित व्याप्त है। स्वप्न में भी कोई पाप नहीं करता। जनसमाज रामभक्ति में निष्ठावान और मोक्ष प्राप्ति के अधिकारी हैं।<br>**<u>न्याय</u>** रामराज्य में दण्ड केवल सन्यासियों के हाथ में और भेद केवल सुर ताल के भेद के रूप में नर्तकों और नृत्य समाज में है। जीत शब्द केवल मन को जीतने के | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | लिए ही सुनाई देता है न कि लड़ाई में हार जीत के संदर्भ में। राजनीति में शत्रुओं को जीतने और चोर डाकुओं का दमन करने के लिए साम, दाम, दण्ड, भेद - ये चार उपाय किए जाते हैं। राम राज्य में कोई शत्रु या अपराधी है ही नहीं, इसलिए किसी को दण्ड देने की आवश्यकता नहीं होती। सभी के अनुकूल होने के कारण भेद नीति की भी आवश्यकता नहीं रही।<br>इतना कुछ कहने के उपरांत तुलसी कहते हैं कि रामराज्य की सुख संपदा का वर्णन शेषनाग और साक्षात सरस्वती भी नहीं कर सकती :"रामराज कर सुख संपदा।<br>बरनि न सकइ फनीस सारदा।।"<br>तात्पर्य यह है कि प्रकृति और मानव समाज सभी में सुख-शांति, समृद्धि, संतोष, उदारता और प्रफुल्लता है। रामराज्य में त्रेतायुग में सत्ययुग की स्थिति हो गई है। राम के शासनकाल में अभाव, क्षुद्रता आदि नकारात्मक भावनाओं के लिए कोई स्थान नहीं है। रामराज्य की यह आदर्श परिकल्पना है। उत्तरकाण्ड में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के धर्म-संस्थापक-शासक रूप के दर्शन होते हैं। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2 | **प्रसाद निराला महादेवी पंत की श्रेष्ठ रचनाएँ** | |
| 2(a) | प्रस्तुत कविता छायावाद के श्रेष्ठ कवि, जयशंकर प्रसाद के स्कंदगुप्त नाटक से ली गई है। प्रसाद छायावाद के प्रमुख प्रतिष्ठापक थे और उनकी कविताएँ छायावाद की विशेषताओं को परिभाषित करती हैं। इस गीत में कवि ने स्कंदगुप्त नाटक की नायिका, देवसेना की आंतरिक वेदना की मार्मिक अभिव्यक्ति की है।<br>देवसेना स्कंदगुप्त से प्रेम करती है किंतु स्कंदगुप्त विजया से प्रेम करताहै। प्रेम में विफल देवसेना जीवन की सांध्य बेला में स्वयं को राष्ट्र-सेवा के प्रति समर्पित करके शेष जीवन व्यतीत करती है। नाटक के अंत में स्कंदगुप्त विजया से विमुख होकर देवसेना से प्रणय निवेदन करता है। किंतु तब तक देवसेना के लिए बहुत देर हो चुकी है। देवसेना ने स्कंदगुप्त की प्रतीक्षा में पूरा जीवन अकेले बिताया, वही जब उसके पास प्रणय निवेदन के लिए आता है, देवसेना उसे स्वीकार करने में स्वयं को असमर्थ पाती है। प्रस्तुत गीत उसके मनोभावों को मार्मिकता से व्यक्त करता है। कवि ने देवसेना के अतीत के विफल प्रेम की वेदना पर प्रकाश डाला है। आज स्कंदगुप्त के प्रणय-प्रस्ताव को ठुकराकर वह अपने जीवन के भावी सुख से विदा ले रही है। 'आह' शब्द से यह व्यंजित होता है कि जिस प्रेम के लिए वह आजीवन लालायित थी, जीवन की सांध्यबेला में उसे ठुकराना कितना कष्टदायक है! वह अपने अतीत के प्रेम की संभावना को अब एक भ्रम मात्र मानती है, ऐसा भ्रम जिसके वश होकर उसने जीवन की अभिलाषाओं की सारी पूँजी गवा दी। 'मधुकरियों' से तात्पर्य जीवन की अभिलाषाओं से है। उसके जीवन की यह विडम्बना है, युवावस्था में जब सबकी तृष्णाभरी दृष्टि उस पर थी, वह उन सबकी उपेक्षा करती रही क्योंकि उसके मन में केवल स्कंदगुप्त का प्रेम था। अब उसके जीवन में प्रेम और उत्साह समाप्त होकर केवल दु:ख ही बचा है। जीवन की सांध्य बेला में उसके प्रतिक्षण प्रवाहित होने वाले आँसू जैसे उसके दु:ख से दु:खी, थकी हुई संध्या के आँसू हैं और उसकी जीवन यात्रा में केवल अकेलापन ही उसका साथी है। यहाँ कवि ने 'संध्या' और 'नीरवता' का मानवीकरण किया है। नीरवता के अंगड़ाई लेने में लाक्षणिकता है। उसके मन में अपने अकेलेपन का अहसास जग गया है जैसे कोई व्यक्ति सो कर उठने पर अंगड़ाई ले!<br>ऐसे में स्कंदगुप्त का प्रणय-प्रस्ताव देवसेना को कष्टप्रद लगता है। उसकी प्रतिक्रिया की तुलना उस पथिक से की है जो गहन जंगल में पेड़ के नीचे अपनी थकान मिटाने के लिए सोया हो और कोई उसे मध्य रात्रि में गाये जाने वाली राग सुना कर उसकी निद्राभंग करे। 'उनींदी श्रुति' और 'विहाग' के प्रयोग की लक्षणिकता अत्यंत सुंदर है। गहरी नींद में सोये हुए व्यक्ति को मध्य रात्रि में जगा देना अत्यंत अप्रिय लगता है। देवसेना अपने अतीत की वेदना को भुलाना चाहती थी, उसे पुन: जगाना कष्टप्रद है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(a) | अगली पंक्तियों में प्रलय का मानवीकरण और प्रतीकात्मक प्रयोग है। प्रलय से तात्पर्य जीवन के कठिन संघर्षों से है। यह जानते हुए भी कि वह स्वयं दुर्बल है और पराजय सुनिश्चित है, उसने जीवन के संघर्षों से होड़ लगाई। 'हारी होड़' की व्यंजना प्रसाद की अभिव्यंजना शक्ति का श्रेष्ठ उदाहरण है।<br>जीवन के इस पड़ाव पर वह कमजोर पड़ गई है, फिर भी भाग्य से लड़ रही है। अंत में वह विश्व को सम्बोधित करके कहती है कि तुम अपने प्रेम की धरोहर को वापस ले लो, मैं इसे नहीं सम्हाल सकती। प्रेम को अस्वीकार करने की ग्लानि से उबरने के लिए उसने अपने मन की लज्जा को त्याग दिया है। देवसेना का विदाई गीत अत्यंत मार्मिक है।<br>छायावाद की भाषा और शैली गत विशेषताएँ:<br>प्रसाद गहन अनुभूति के कवि हैं और उनकी कविता की भाषा आंतरिक अनुभूति की गहनता को वहन करने में पूर्णतः सक्षम है। प्रसाद के अनुसार, "जब वेदना के आधार पर स्वानुभूतिमय अभिव्यक्ति होने लगी तब उसे हिंदी में छायावाद नाम से अभिहित किया गया।" प्रस्तुत कविता इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। अभिव्यंजना की विशेष प्रणाली और प्रतीक विधान इस कविता की विशेष उपलब्धि है प्रसाद ने खड़ी बोली के खुरदुरे स्वरूप को मधुरता, शब्दचयन, अभिव्यक्ति की लाक्षणिकता, चित्रमयता और नूतन प्रतीक विधान से समृद्ध किया। इसमें वस्तुनिरूपण की अपेक्षा अभिव्यक्ति निरूपण की प्रमुखता है।<br><br>चित्रात्मकता: 'चढ़कर मेरे जीवन रथ पर, प्रलय चल रहा अपने पथ पर'<br>संगीतात्मकता - यह रागबद्ध और गेय है<br>यह गीत शैली में लिखा गया है<br>मानवीकरण: 'संध्या के श्रमकण', 'मेरी आशा आह! बावली' आदि अलंकार:<br>'छलछल' (पुनरुक्ति), 'जीवन-रथ' (रूपक), 'लौटा लो', 'हारी होड़' (अनुप्रास) आदि। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | छायावाद के प्रमुख कवि सुमित्रानन्दन पंत की 'ताज' और 'भारतमाता' कविताएँ छायावाद की अभिव्यंजना शैली में मानवतावादी विचारधारा की प्रभावशाली अभिव्यक्ति हैं। नंददुलारे वाजपेयी के अनुसार, 'नयी छायावादी काव्यधारा का एक आध्यात्मिक पक्ष है, किंतु उसकी मुख्य प्रेरणा धार्मिक न होकर मानवीय और सांस्कृतिक है। उसे हम मानवीय प्रगति की प्रतिक्रिया भी कह सकते हैं।' 'ताज' कविता वाजपेयी जी के इस कथन का श्रेष्ठ उदाहरण है। इस वर्णनात्मक कविता में पंत जी की मानवतावादी दृष्टि के दर्शन होते हैं। विश्वप्रसिद्ध ताजमहल, जिसे देखने के लिए लोग सुदूर देशों से आते हैं, कवि को 'मृत्यु का अपार्थिव पूजन' और नितांत अशोभन लगता है। कवि की संवेदना:<br>'मानव ऐसी भी विरक्ति क्या जीवन के प्रति?<br>आत्मा का अपमान, प्रेत औ' छाया से रति!!'और संदेश:मृतकों के हैं मृतक जीवितों का है ईश्वर!' द्वारा अभिव्यक्त है। जीवित मनुष्य की अवहेलना करके मृतक के लिए स्मारक बनाने की विडम्बना कवि को नितांत अशोभन लगती है। कवि की मानवतावादी दृष्टि में ताजमहल का संगमरमरी सौंदर्य मृत्यु के पूजन के समान निरर्थक है। कवि का हृदय 'नग्न, क्षुधातुर वास विहीन जीवित कंकालों' की यातना से विचलित है। 'ताज' कविता संवेदना की गहन अभिव्यक्ति, जो छायावाद की विशेषता है, का एक श्रेष्ठ उदाहरण है।<br>पंत जी के अनुसार 'कवि केवल शब्दों का एक बाजीगर नहीं है – स्वतंत्र चेतना का वाहक द्रष्टा है।' 'ताज' कविता मानवता की शाश्वत चेतना को प्रतिष्ठित करती है। प्रस्तुत कविता में पंत के मानवतावादी जीवन दर्शन और चिंतन की सजगता को कलात्मक बिम्बों से समृद्ध भाषा में अभिव्यक्ति दी गई है। पंत जी का कथन, 'मानवता के स्वर्ग को मैंने भौतिकता के हृदय कमल में स्थापित किया है', उनकी कविताओं का प्रेरक बिंदु हैं।<br>'भारतमाता' कविता में विदेशी शासन से दमित भारतमाता का चित्रण है। भारत की आत्मा गाँवों में निवास करती है। ग्रामवासिनी भारत माता का आँचल धूलधूसरित है और पराधीनता के नीचे दमित भारतवासियों के दु:ख से दुखी भारतमाता के आँसू गंगा और यमुना के जल के रूप में प्रवहित हैं। कवि ने अपनी चित्रात्मक शैली से भारत माता का एक अत्यंत उदासी भरा चित्र उकेरा है। वह उदास है भारतवासियों की नियति के कारण! वेदना की अतिशयता का उदाहरण अगली पंक्तियों में, | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | 'दैन्य जड़ित, अपलक नत चितवन,<br>अधरों में चिर नीरव रोदन,<br>युग-युग के तम से, विषण्ण मन,<br>वह अपने घर में<br>प्रवासिनी'<br>द्वारा व्यक्त किया है। पराधीनता के अंधकार में अपना आत्मविश्वास खोकर विषण्ण-मना भारतमाता अपने ही घर में पराई हो गई है। तात्पर्य यह है कि वह अपना स्वायत्त या अधिकार खो चुकी है। कवि की संवेदना नंगे, भूखे, शोषित, अशिक्षित और निर्धन भारतवासियों की नियति से कुंठित है। किंतु कवि अंत में निराशा से उबर कर आशा का संदेश देता है। अहिंसा, तप और संयम से पोषित होकर स्वाधीनता प्राप्ति और नव चेतना के जागरण और भविष्य की आशा के संदेश से कविता समाप्त होती है।<br>सुमित्रानन्दन पंत की 'ताज' और 'भारतमाता' शीर्षक कविताएँ उनके प्रगतिवादी विचारों को कल्पनाजन्य अमूर्त बिम्बों द्वारा अभिव्यक्त करती हैं। डॉ शम्भुनाथ सिंह के अनुसार, 'छायावाद नवीन मानवतावादी आदर्शों की प्रेरणा से अनुप्राणित है। अत: छायावाद रहस्यवाद, अध्यात्मवाद, स्वच्छंदतावाद, मानवतावाद, राष्ट्रीयता और सूक्ष्म सौन्दर्यबोध का समग्र रूप है।' यह भारतीय परिस्थितियों से अनुप्रेरित और नवीन मानवतावादी आदर्शवाद पर आधरित हिंदी की मौलिक काव्यधारा है' छायावादी कवि की सारी अनुभूति ठोस मानवीय धरातल से उपजती है जिसे वह शब्द ,लय, ध्वनि एवं छंद के सफलतम रूप में व्यक्त करता है। दलित शोषित मानवता के प्रति बौद्धिक सहानुभूति छायावाद की विशेषता भी है और दोनों कविताओं का केन्द्रीय भाव भी है जिसे पंत जी ने छायावाद की अन्य विशेषताओं – भाषा- सौष्ठव, बिम्ब-विधान, शब्द- संयोजन और प्रगीतात्मकता से समृद्ध करके प्रस्तुत किया है।<br>उत्तर में कविता के भावार्थ सहित दलित शोषित मानवता के प्रति बौद्धिक सहानुभूति के बारे में लिखना अपेक्षित है। | |

© UCLES 2021

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3 | **मैथिलीशरण गुप्त – साकेत** | |
| 3(a) | प्रस्तुत काव्यांश मैथिलीशरण गुप्त के प्रसिद्ध प्रबंध काव्य 'साकेत' के 'नवम सर्ग' से लिया गया है। नवम सर्ग में वियोगिनी उर्मिला की आंतरिक संवेदना की मार्मिक अभिव्यक्ति है। स्वयं वियोग-व्यथा सहती हुई उर्मिला किसी को कष्ट नहीं देना चाहती। दीपक की लौ पर आकर पतंग को जलते देख वह सखि से दीपक जलाने के लिए मना करती है। उसका कथन, 'हे सखि, दीपक न जला, क्यों कि इसके साथ पतंग भी जल जाएंगे', उसके संवेदनशील मन का उदाहरण है जो दूसरों के कष्ट देख कर द्रवित होता है। अगला कथन कि हमें सत्व से तम अर्थात तमोगुण पर विजय पानी है, उसके चरित्र की उदात्तता प्रमाणित करता है। विरह की व्याकुलता में उसकी मनोवृत्ति की सात्विकता अक्षुण्ण है। वह एकांत में रहकर अपने विषाद को स्वयं तक सीमित रखना चाहती है न किसी को देखना है, न दिखाना है। ऐसे में दीपक के उजाले का कोई प्रयोजन नहीं। इन पंक्तियों में उर्मिला की उदात्तता के साथ करुण भावना मुखरित है।<br>अगले चरण में उर्मिला प्रेम की परिपूर्णता की बात करती है। परिपूर्ण-प्रेम एकांगी नहीं होता। जैसे दीपक और पतंग के बीच का प्रेम – प्रेम में एक ओर दीपक जलता है तो दूसरी ओर पतंग भी! दीपक की लौ हिल कर मानों पतंग को प्राण त्यागने से रोकती है। लेकिन पतंग़ उसे अनसुना कर लौ में जल जाता है। यह दोनों के पारस्परिक प्रेम की विह्वलता है। यहाँ दीपक और पतंग दोनों का मानवीकरण और उत्प्रेक्षा अलंकार है। दीपक और पतंग के माध्यम से उर्मिला अपने और लक्ष्मण के उभयमुखी प्रेम का संकेत कर रही है। उसके अंतर्मन में लक्ष्मण के एकनिष्ठ प्रेम की प्रतीति है।<br>विरहिणी उर्मिला सोचती है कि दीपक की लौ में जल जाने के सिवाय पतंग़ के पास कोई चारा नहीं है क्योंकि उसके लिए प्रेमविहीन जीवन मृत्यु के ही समान है। प्रेम की मर्यादा त्याग कर जीवित रहना प्रेम की असफलता होगी। अत: दीपक की लौ में जलना ही उसके प्रेम की परिपूर्णता है!<br>उर्मिला की कल्पना की अतिशयता पतंग और दीपक के संवाद में परिलक्षित है। पतंग दीपक को सम्बोधित करके उसकी महानता और अपनी लघुता प्रतिपादित करता है, यद्यपि वह उसकी महानता को नहीं पा सकता , फिर भी उसे अपने प्रेम | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(a) | के लिए जीवन का बलिदान करने का अधिकार तो है ही । उसे लगता है कि यदि दीपक ने उसे रोका तो वह उसके साथ छल होगा और अपनी शरण में आए हुए के साथ छल करना उचित नहीं। पतंग और दीपक दोनों ही प्रेम का समान रूप से निर्वाह करते हैं।<br>उर्मिला कहती है, 'हे सखि! यद्यपि दीपक जलता है, उसके जलने में जीवन की लाली (प्रकाश) है। पर, पतंग की भाग्य-लिपि काली है, अर्थात वह व्यर्थ ही जल कर नष्ट हो जाता है, उसके बलिदान से किसी का भी उपकार नहीं होना उसकी विवशता है।<br>उर्मिला प्रेम में प्राण त्याग करने में भी दूसरों का उपकार करने के बारे में सोचती है। उसके कथन से उसकी चारित्रिक विशेषता पर प्रकाश पड़ता है। 'भाग्य-लिपि' में रूपक अलंकार है और संपूर्ण उद्धरण वियोग श्रृंगार रस का श्रेष्ठ उदाहरण है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | मैथिलीशरण गुप्त ने, 'साकेत' की रचना तत्कालीन हिन्दी साहित्य में एक बहुत बड़ी कमी को पूरा करके उर्मिला के प्रति न्याय करने के लिए की थी। उसकी प्रेरणा उन्हें कविगुरू रवीन्द्रनाथ के लेख, 'काव्य की उपेक्षिता' और आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के निबंध, 'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता' से मिली। इसमें गुप्त जी की नारी भावना की अभिव्यक्ति दर्शनीय है। अपनी रचनाओं में गुप्त जी ने नारी की उदात्तता, त्याग और बलिदान को महिमान्वित किया है, चाहे वह गौतम बुद्ध की उपेक्षिता यशोधरा हो या रघुकुल की कुलवधु उर्मिला दोनों की नियति राजमहल में रहकर वनवासिनी का जीवन बिताना थी। कवि ने उनके अंतर्मन में झांक कर उनकी वेदना को एक भोक्ता की सी समानुभूति से वर्णित किया। राम भक्त गुप्त जी ने वाल्मीकि और तुलसी की परम्परा से चली आई कथा में अनेक मौलिक उद्भावनाएँ कीं जिनमें सबसे प्रधान बात यह है कि 'साकेत' में राम और सीता की कहानी प्रासंगिक और उर्मिला के त्याग की कहानी प्रमुख हो गई। 'साकेत' में राम-कथा उसकी पृष्ठभूमि है, उर्मिला उसका केन्द्रीय पात्र और उर्मिला–विरह ही उसकी मुख्य संवेदना है!<br>प्रथम सर्ग में "कनक-लतिका भी कमल-सी कोमला" नवविवाहिता उर्मिला का परिचय देकर उसके वाग्वैधग्य की झलक लक्ष्मण-उर्मिला संवाद में चित्रित है। इसके उपरांत वियोग का हृदय-विदारक दृश्य आता है। दशरथ ने सत्य का आलम्बन लिया, कौशल्या ने मातृ आदर्श का पालन किया, सुमित्रा ने क्षत्राणी का कर्तव्य पालन किया, सीता ने सोचा, "स्वर्ग बनेगा अब वन में", लक्ष्मण ने भी इस भय से कि, "प्रभुवर बाधा पाएंगे, छोड़ मुझे भी जावेंगे" कह दिया, "रहो रहो हे प्रिये रहो", परंतु उर्मिला क्या सोचती? "वह भी सब कुछ जान गई, विवश भाव से मान गई।" उसकी मौन विवशता की संवेदना जिसे तुलसीदास नहीं देख पाए, गुप्त जी ने उसे सहानुभूति दी और यहीं से उर्मिला की महानता प्रारम्भ होती है।<br>उसकी परिस्थिति की दयनीयता उर्मिला के विरह को और भी करुण बना देती है। वह सबकुछ विवश भाव से मानकर मन को समझाती भी है, "हे मन, तू प्रिय-पथ का विघ्न न बन", में उसका स्वार्थ त्याग भरा हो जाता है। लक्ष्मण अपने भाई के प्रति कर्तव्य पालन कर सकें यही उसकी मनोकामना है चाहे उसके लिए राजमहल | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | में रहकर भी वनवास की यातना सहनी पड़े, "भ्रातृ-स्नेह सुधा बरसे" में उसकी उदात्त भावना व्यक्त है। सीता के शब्दों में "बहन उर्मिला महाव्रता" है उसके त्याग की महानता को सीता "सिद्ध करेगी वही यहाँ, जो मैं भी कर सकी कहाँ", कहकर स्वीकारती है।<br>लक्ष्मण के वियोग में उर्मिला अपनी ही छाया भर बन कर रह गई। पति का साथ ना दे पाने का दु:ख उसे सालता है, पर उनके भ्रातृ-प्रेम में बाधा नहीं बनना चाहती उसके लिए तो इतना ही पर्याप्त है कि-<br>"आराध्य युग्म के सोने पर<br>निस्तब्ध निशा के होने पर<br>तुम याद करोगे मुझे कभी<br>तो बस फिर मैं पा चुकी सभी।"<br>लक्ष्मण वियोग-जयी होकर चले गये, और एकाकी उर्मिला प्रेम-मयी होकर रह गई! उसकी वियोगजन्य कृशता का चित्रण,<br>"मुख कांति पड़ी पीली-पीली<br>आँखें अशांत नीली-नीली,<br>क्या हाय यही वह कृश काया,<br>या उसकी शेष सूक्ष्म छाया!"<br>इसके बावजूद भी विरहिणी जीवित रहती है, उसे प्रतीक्षा है कि बनवास की अवधि पूरी होने पर प्रिय लौटेंगे और उस दिन की प्रतीक्षा उसे जीवित रखती है –<br>"कहाँ जाएंगे प्राण ये, लेकर इतना ताप, प्रिय के फिरने पर इन्हें, फिरना होगा आप!"<br>उर्मिला के विरह-वर्णन में आदर्श का गौरव और स्वार्थ का निषेध है-<br>"मुझे भूलकर ही विभु-वन में विचरें मेरे नाथ! मुझे न भूले उनका ध्यान!"<br>उर्मिला के चरित्र की गरिमा का उदाहरण, वियोग में भी अधीर होने की जगह परिवार की मंगल कामना करना है। उसे कौशल्या, सुमित्रा आदि माताओं की स्थिति देखकर कष्ट होता है। दशरथ के शब्दों में वह "रघुकुल की असहाय बहू" है। गुप्त जी के अनुसार उसके आँसू कैकेयी के लगाए कुल-कलंक को भी धोने की सामर्थ्य रखते हैं।<br>उर्मिला स्वप्न में भी लक्ष्मण की तपस्या भंग नहीं करना चाहती। स्वप्न में उसे लौटा देखकर चौंक कर उसे वापस जाने को कहती है। कवि के शब्दों में "हुआ योग से भी अधिक, उसका विषम वियोग!" ऐसी विषम स्थिति में भी उसकी संवेदना अयोध्या की विरहिणी नारियों के प्रति है।<br>उर्मिला वियोग में विह्वल होने के बावज़ूद आशावादी है, प्रिय के लौटने की प्रतीक्षा उसे जीवित रखती है। घर-गृहस्थी के कर्तव्य, ललित कला में रुचि, खेती बारी आदि सांसारिक दायित्वों का पालन करने के प्रसंग उसके चरित्र की गरिमा में वृद्धि करते हैं। गुप्त जी भारतीय संस्कृति के आख्याता हैं उर्मिला के रूप में उन्होंने भारतीय नारी के त्याग, आदर्श और आशावादिता को मूर्त किया है। उर्मिला निरंतर विरह- | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | व्यथा सहती हुई भी निराश नहीं होती। वह जानती है कि यह अवधि एक दिन समाप्त होगी। यह सकारात्मक भावना उसकी बड़ी उपलब्धि और गुप्त जी के जीवन दर्शन का सार है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **भाग 2** | |
| 4 | **धे-अधूरे - मोहन राकेश** | |
| 4(a) | 1969 में मोहन राकेश के नाटक 'आधे-अधूरे' के प्रकाशन ने हिंदी साहित्य के जगत में एक ख़लबली मचा दी थी। इसके पहले लिखे जाने वाले नाटकों में संस्कृत नाटक के अनुकरण पर आदर्श नायक-नायिकाओं का चित्रण किया जाता था। चारित्रिक दुर्बलताओं का वर्णन केवल ख़लनायक के संदर्भ में होता था। यह एकदम नई शैली में लिखा गया नाटक है। कथानक की घटनाहीनता, एक ही पात्र द्वारा पाँच भूमिकाएँ निभाने की चौंकानेवाली रंग-युक्ति, चरित्रों के इकहरेपन आदि नाटक के प्रकाशन पर तीव्र आलोचनात्मक प्रतिक्रिया होने के कारण थे। आधुनिक युग विराट घटनाओं और महान नायकों का नहीं है। यह नाटक आम आदमी की लघुता और तुच्छता के यथार्थ को विश्वसनीयता से दिखाता है। राकेश ने बड़ी-बड़ी बाह्य घटनाओं की क्रिया-प्रतिक्रिया दिखाने की जगह पात्रों की मन:स्थितियों और आंतरिक विस्फोट को तीव्रता से चित्रित किया है। हिंदी नाट्य साहित्य में पहली बार भारतीय मध्यवर्गीय जीवन एवं परिवेश तथा पारिवारिक संबंधों में होने वाली उथल-पुथल के यथार्थ को प्रामाणिकता से चित्रित किया गया है। यह पहला नाटक है जिसमें विवाह संस्था के खोखलेपन और सुखी परिवार के पुराने मिथक को भंग करने का प्रयास है। इसके चरित्र मध्यवर्ग के सामान्य व्यक्ति हैं – महत्वाकांक्षी, अतृप्त, असंतुष्ट, कुंठित, आतंकित, क्रुद्ध और अंतर्द्वंद्वग्रस्त! वे रिश्तों में एक दूसरे से कटे-बँधे और तनावग्रस्त हैं। नाटककार ने उन्हें व्यक्ति विशेष की जगह जातिगत रूपों में ही उभारा है। नाटक के पाँच पुरुष एक ही व्यक्ति के विविध रूप या पहलू हैं – वे मिलकर एक जटिल पुरुष चरित्र की सृष्टि करते हैं। सावित्री भी स्पष्टत: एक आयामी स्त्री नहीं है। जीवन में पूरे पुरुष की असफल तलाश, छटपटाहट, संघर्ष और दुराशा उसे एक ज़िंदा औरत बनाते हैं। वह न तो पुराण काल की साध्वी सती है और न ही अत्याधुनिक स्वच्छंद स्त्री। नाटक के अन्य पात्र जुनेजा, जगमोहन और सिंहानिया की परिस्थितियाँ और दुनिया कुछ अलग हैं। किन्नी की सहेली सुरेखा के माँ-बाप के विवाहेतर संबंधों का संकेत दिया गया है। मनोज और बिन्नी के परिवार की परिस्थितियाँ विशेष चर्चित नहीं। इन सबमें अंतर केवल सतही है, तमाम भिन्नताओं के बावज़ूद गहराई से देखने पर उनमें समानता की एक अंतर्धारा है – अपनी वर्तमान स्थिति से असंतोष और बेचैनी उन सबको जोड़ती है। नाटक मानवीय संतोष के अधूरेपन का रेखांकन है नाटक के पात्र – सावित्री, महेन्द्रनाथ, बड़ी बेटी बिन्नी, छोटी बेटी किन्नी और बेटा अशोक सभी मानवीय कमज़ोरियों से | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(a) | पूर्ण और नितांत परिचित लगते हैं\| नाटक के प्रारम्भ में सूत्रधार का कथन, "सड़क के फुटपाथ पर चलते आप अचानक जिस आदमी से टकरा जाते हैं, वह आदमी मैं हूँ", नाटक पर नितांत ख़रा उतरता है\| रंगमंच के निर्देश द्वारा भी नाटककार मध्य-वर्गीय स्तर से ढहकर निम्न-मध्य-वर्गीय स्तर के घर का वातावरण निर्मित करता है जहाँ "एक चीज़ का दूसरी चीज़ से रिश्ता लगभग टूट चुका है... गद्दे, परदे, मेज़पोश और पलंगपोश अगर हैं तो इस तरह घिसे, फटे या सिले हुए कि समझ में नहीं आता कि उनका न होना क्या होने से बेहतर नहीं था?" मंच सज्जा का इस तरह से घिसापिटा होना और 'घर की हर एक चीज़ का दूसरी से रिश्ता टूटना', पात्रों के पारस्परिक सम्बन्धों के बिखराव का पूर्व संकेत देता है। घर के फर्नीचर की तरह उस घर का प्रत्येक प्राणी श्रीविहीन, निष्प्रभ, अधूरेपन से ग्रस्त एवं एक दूसरे से कटा हुआ है। समकालीन जीवन की विसंगतियों को मोहन राकेश ने अत्यंत सफलता से प्रस्तुत किया है। उत्तर में नाटक की समस्याओं के उदाहरण एवं विवेचना अपेक्षित हैं। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | मोहन राकेश ने 'आधे-अधूरे' नाटक में सावित्री के रूप में एक संश्लिष्ट चरित्र की परिकल्पना की है। सावित्री के चरित्र में आधुनिक मध्यवर्गीय नारी के जीवन की विडम्बना के दर्शन होते हैं। जीवन में सब कुछ पाने की उत्कंठा, और उसके पूरी न होने की कुंठा सावित्री को मध्यवर्गीय स्त्री से जोड़ती है। वह घर और बाहर दोनों जगहों की जिम्मेदारी के बोझ से दबी एक संत्रस्त स्त्री है जो दोनों दायित्वों में से किसी एक का भी निर्वाह करने में सफल नहीं। जीवन में सब कुछ पाने के आकांक्षा के बदले उसे केवल असंतोष, आक्रोश और कटुता ही हाथ लगते हैं।<br><br>नाटक में सावित्री की चार भूमिकाएँ हैं। वह एक स्त्री, पत्नी, माँ और प्रेमिका है। वह इन चारों भूमिकाओं में सामंजस्य नहीं बैठा पाती है। फलतः इनमें से वह किसी भी भूमिका का निर्वाह सफलता पूर्वक नहीं कर पाती है। सावित्री को अपने परिवार में किसी से भी सहानुभूति नहीं और उसे सबसे तथा सबको उससे केवल असंतोष और शिकायत है। परिवार की आर्थिक समस्याओं एवं पारस्परिक सामंजस्य के अभाव से जूझती हुई सावित्री ना तो सफल पत्नी बन पाई, ना ही सफल प्रेमिका! एक सफल माँ तो वह है ही नहीं। गृहस्थी के आर्थिक उत्तरदायित्व को अकेले सम्हालने के संघर्ष में उलझी हुई सावित्री स्त्रीत्व के नैसर्गिक गुणों – ममता, कोमलता, मधुरता आदि को कहीं खो बैठी है। अपना जीवन अपनी तरह से न जी पाने की कुंठा उसे सबसे असंतुष्ट रखती है।<br>सावित्री में सबसे बड़ी कमी यह है कि वह स्वयं अधूरी स्त्री होकर भी एक संपूर्ण पुरुष की तलाश में है। अपने भीतर के अधूरेपन को नकार कर वह अपने पति, बेटे और बेटियों में दोष देखती है। पति महेन्द्रनाथ की अकर्मण्यता से तिक्त होने के परिणाम स्वरूप उसके प्रति उसका व्यवहार तिरस्कार और कटुता भरा है जिसे वह छिपाने का प्रयत्न तक नहीं करती है। उसके संवाद उसकी हताशा और ख़ीज ज़ाहिर करते हैं। घर आने पर उसे घर की स्थिति,"रोज़ आने पर पचास चीज़ें यहाँ-वहाँ | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | बिखरी मिलती हैं" से शिकायत, जो कि असल में जगमोहन से है, व्यक्त होती है। पति-पत्नी के सम्बन्धों में गहरी दरार उत्पन्न करके एक ऐसी दमघोंटू स्थिति का वातावरण बन जाता है जिससे पूरा परिवार पीड़ित है। मोहन राकेश ने नाटक में इसका मनोवैज्ञानिक चित्रण अत्यंत सजीवता और तीव्रता के साथ किया है।<br>अपनी संतान के लिए सावित्री एक आदर्श माँ नहीं बन पाई, बड़ी बेटी मनोज रूपी हमदर्द को पाते ही घर से निकल भागी। बेटा पत्रिकाओं से अभिनेत्रियों की तस्वीरें काटता हुआ इस मौके की तलाश में है, जब वह यहाँ से निकल सकेगा। अपने भविष्य के लिए उसके पास ना कोई योग्यता है ना आकांक्षा। छोटी लड़की माता, पिता, भाई, बहन – किसी के भी प्रति लगाव नहीं अनुभव करती है।<br>उसके मन में सबके प्रति एक कड़ुआहट और आक्रोश है और वह उम्र से पहले ही 'बड़ी' हो रही है।<br>सावित्री एक सफल प्रेमिका बनने में भी असमर्थ है। सिंहानिया के आने पर वह अपने बेटे के लिए नौकरी की समस्या की ही चिंता करती है। उसके जीवन की त्रासद स्थिति को मोहन राकेश ने अत्यंत सक्षम शैली में प्रामाणिकता प्रदान की है\|<br>मोहन राकेश ने मानवीय असंतोष और पारिवारिक सम्बन्धों के अधूरेपन को रेखांकित किया है। जो लोग जीवन से बहुत कुछ अपेक्षा रखते हैं, उनकी तृप्ति अधूरी ही रहती है। नाटक के इस केंद्रीय भाव को मोहन राकेश ने सावित्री के चरित्र में अत्यंत सशक्त एवं प्रभावशाली रूप से सम्प्रेषित किया है। | |

© UCLES 2021

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5 | **धुनिक कहानी संग्रह – सरोजिनी शर्मा** | |
| 5(a) | हिन्दी कथा साहित्य की परम्परा में जयशंकर प्रसाद का एक विशिष्ट स्थान है। प्रसाद एक सफल कहानीकार होने के साथ छायावाद युग के प्रमुख कवि, नाटककार, उपन्यासकार और निबंध लेखक भी हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा 'पुरस्कार' कहानी में गद्य की भाषा में कविता के माधुर्य, नाटक के समान मनोदशा के अनुकूल वातावरण चित्रण, पात्रों के सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक विश्लेषण और कलात्मक प्रांजलता के रूप में अभिव्यक्त हुई हैं।<br>'पुरस्कार' कहानी में उन्होंने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में प्रेम और कर्तव्य के संघर्ष में प्रेम के बलिदान का आदर्श प्रतिष्ठित किया है। कथानक की ऐतिहासिकता के साथ पात्रों की मानसिकता के अनुकूल भाषा और वातावरण का चित्रण इस कहानी की विशेषता तथा कलात्मक सफलता है। प्रसाद एक कुशल चित्रकार की तरह मधूलिका के अंतर्द्वंद्व का चित्रण करते हैं, ''एक क्षण में मधूलिका के मन में प्रमोद का अंधड़ बहने लगा – द्वंद्व मच गया। उसने सहसा कहा, 'आह, मैं सचमुच तुम्हारी प्रतीक्षा करती थी राजकुमार.... मधूलिका एक बार काँप उठी। वह कहना चाहती थी 'नहीं'; किंतु उसके मुँह से निकला 'क्या!'<br>कोशल के उत्सव में मगध के राजकुमार अरुण का कृषक कुमारी मधूलिका के प्रति आकर्षण, वीर सिंहमित्र की पुत्री मधूलिका का अपने पितृ-पितामह की भूमि के बदले में राजकीय मुद्रा अस्वीकार करना, राजकुमार का मधूलिका से प्रेम की अभिव्यक्ति, मगध से निष्कासित होने पर राजकुमार अरुण की मधूलिका से पुन: भेंट के वृत्तांत के साथ अरुण का कोशल पर आक्रमण करके एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना के प्रयास में मधूलिका का सहयोग और अंत में अपने पिता सिंहमित्र द्वारा कोशल की रक्षा का स्मरण करने पर कोशल नरेश को होने वाले आक्रमण की सूचना देना, अरुण का बंदी होने पर प्राणदण्ड मिलना और राजा के मधूलिका से पुरस्कार मांगने पर मधूलिका का स्वयं अपने लिए प्राणदण्ड की याचना कर अरुण के पास जाकर खड़े होने के विवरण द्वारा कर्तव्य और प्रेम के द्वंद्व में मधूलिका का अपने व्यक्तिगत प्रेम को देश प्रेम के लिए उत्सर्ग करने का उल्लेख अपेक्षित है।<br>मधूलिका अरुण से प्रेम करती है, पर कोशल के प्रति कर्तव्य भावना के समक्ष वह अपने प्रेम का बलिदान देने से नहीं हिचकती है। उसके बाद उसके जीने का कोई उद्देश्य नहीं इसीलिए पुरस्कार में प्राणदण्ड की याचना करती है। कहानी की सफलता मधूलिका का राजकुमार अरुण के प्रति प्रगाढ़ प्रेम और कोशल के प्रति कर्तव्य भावना के द्वंद्व की संवेदना को पाठक तक सम्प्रेषित करके अभिभूत करने में है। मधूलिका की चारित्रिक विशेषताओं में मानवीय कोमलता, आत्मसम्मान, देशप्रेम और राजकुमार के प्रति प्रेम की निष्ठा जिसके कारण वह प्राणदण्ड की याचना करती है, के विवरण अपेक्षित हैं। | **25** |

© UCLES 2021

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(b) | नई कहानी के आंदोलन को सक्रियता देने वाले लेखकों में राजेन्द्र यादव का विशिष्ट स्थान है। उनकी कहानियों में जीवन की विसंगतियों और जटिलता को मनोवैज्ञानिक दृष्टि से सुलझाने का प्रयास है। 'कलाकार' कहानी पारम्परिक लोककथा की शैली में लिखी गई है, सरल भाषा में लेखक ने व्यक्ति के अंतर्मन की परतों का विश्लेषण एक बहुरूपिया के प्रतीक से किया है। बहुरूपिया का काम है अपने वास्तविक रूप को छिपा कर कोई अन्य रूप धारण करना। कहानी का मुख्य पात्र एक जादूगर है पर साधु वेश धारण करता है। लेखक की यह मान्यता है कि सबके भीतर एक बहुरूपिया, जिसे मन के भीतर एक और मन कह सकते हैं, उपस्थित है। व्यक्ति की वेश भूषा और आचरण उसके बाहरी व्यक्तित्व के अनुसार होने चाहिए। कहानी का मुख्य पात्र एक बहुरूपिया है। वह एक दिन साधु वेश धारण कर लेता है। नगर के सेठ की पत्नी बीमार है अनेक इलाज करवाने पर भी ठीक नहीं हुई। सेठ साधु वेश धारण किए हुए बहुरूपिया के पास आता है। साधु चुटकी भर राख सेठानी पर डाल कर उसे ठीक होने का आश्वासन देता है। संयोग से सेठानी स्वस्थ हो गई और सेठ साधु का भक्त हो गया। साधु के वैराग्य के प्रवचन से सेठ का हृदय परिवर्तन, अपनी सारी सम्पत्ति साधु को देने का प्रस्ताव, साधु का अस्वीकार करना आदि के प्रसंग के बाद अंत में बहुरूपिया का अपना वास्तविक रूप दिखाकर सेठ से सेठानी के इलाज का इनाम मांगने के प्रसंग द्वारा लेखक ने मनुष्य के दोहरे व्यक्तित्व का विश्लेषण किया है। एक व्यक्ति के दो रूप हैं, साधु और सामान्य व्यक्ति। वह जिस रूप में रहता है उसके अनुकूल आचरण करता है। लेखक मानव मनोविज्ञान के इस तथ्य को प्रतिपादित करना चाहता है कि मानव के मन में एक और मन है जो उसके सामाजिक व्यवहार को नियंत्रित करता है। व्यक्ति को अपने सामाजिक व्यक्तित्व के प्रति ईमानदार होना चाहिए जैसे कि बहुरूपिया के आचरण में चित्रित है।<br>राजेन्द्र यादव ने कहानी का अंत भी लोककथा शैली के अनुरूप उपदेशात्मक रूप से किया है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6 | **मॉरिशसीय हिंदी कहानियाँ - सम्पादक : अभिमन्यु अनत** | |
| 6(a) | मॉरिशस के प्रतिष्ठित हिन्दी कथाकारों में रामदेव धुरंधर का प्रमुख स्थान है। 'विषमंथन' एक सामाजिक कुण्ठा को अत्यंत संवेदनशील रूप से चित्रित करती है। मुख्य पात्र राजन के पिता पच्चीस वर्ष जेल की सजा पाने के बाद घर वापस आने वाले हैं। इस बीच घर की स्थिति में अत्यधिक परिवर्तन आ चुका है। पापा की किताबों को दीमक लग जाने के कारण जला दिया गया, उनकी हनुमान की मूर्ति को जिसकी वे प्रतिदिन पूजा करते थे, घर के पिछवाड़े के पत्थरों की मेड़ पर रख दिया गया, राजन का बेटा कंकड़ फेक कर उसको खण्डित किया करता था। राजन ने अपने पिता के कट्टर शत्रु की बेटी से विवाह कर लिया। राजन की पत्नी के दवाब से शाकाहारी परिवार मांसाहारी बन चुका था। ऐसे में पिता के लौटने की सूचना राजन के लिए हर्ष की जगह दुश्चिंता का कारण बन गई। इस समस्या को सुलझाने के लिए अपने चाचा के पास जाने पर उसे निराशा ही मिलती है। राजन के मानसिक द्वंद्व का कारण यह है कि 'वह पच्चीस वर्ष पहले का राजन था और पच्चीस वर्ष बाद का भी।' उसका संघर्ष पारम्परिक एवं आधुनिक संस्कारों का संघर्ष है। उसकी पत्नी को इसके प्रति कोई सहानुभूति नही। ऐसी स्थिति में वह अपने को नितांत अकेला पाता है। यही दुविधा माँ के व्यवहार में प्रतिफलित हुई है। बहू के दवाब में आकर मछली खाने को बाध्य माँ पति के लौटने की सूचना से पुनः शाकाहारी बन कर मानों पच्चीस वर्ष के अंतराल को पाटना चाहती है। कहानी के अंत में पिछवाड़े की मेड़ से पत्थर लाकर एक चबूतरा तैयार कर माँ का हनुमान की भग्न मूर्ति की स्थापना करना और राजन का माँ की सहायता के लिए हाथ बढ़ाना पारम्परिक मूल्यों की प्रतिष्ठा करने का प्रतीक होने के साथ राजन के अंतर्द्वद्व का सकारात्मक समाधान भी है।<br>रामदेव धुरंधर की कहानी 'विष-मंथन' का शीर्षक राजीव के समस्याग्रस्त पारिवारिक जीवन में घुले विष का प्रतीक है। कहानी के अंतिम वाक्य में लेखक ने उसे एक सकारात्मक परिणति दी है, मानो विष मंथन के बाद अमृत निकला हो।<br>मॉरिशस की सामाजिक स्थिति का यथार्थवादी चित्रण, राजन की मानसिक ऊहापोह, मोना और माँ के संस्कारों का टकराव, चाचा की स्वार्थपरता आदि के विस्तृत विवरण अत्यंत प्रवाहमयी भाषा में सफलता से किए गए हैं। 'विषमंथन' कथाशिल्प लेखक की रचना शैली की परिपक्वता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। | **25** |

© UCLES 2021

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6(b) | चाहे अनचाहे' कहानी में जय जीऊत ने यथार्थवादी दृष्टि से मध्यवर्गीय परिवार के संदर्भ में एक नवविवाहित युवक के आंतरिक द्वंद्व का कुशलता पूर्वक चित्रण किया है। एक नई बहू के आगमन से परिवार के परम्परागत आचरण और व्यवस्था में हलचल मच जाती है। नई बहू की परम्परागत संयुक्त परिवार की अपेक्षाओं से टकराहट को छोटी छोटी दैनिक घटनाओं द्वारा चित्रित किया गया है। कहानी कथानायक की दृष्टि से लिखी गई है। वह भाई-भाभी के परम्परागत विचारों और पत्नी के आधुनिक विचारों के संघर्ष में मन ही मन पत्नी से सहमत होते हुए भी परिवार में शांति बनाये रखने के लिए उसे ही समझौता करने को विवश तो करता है, पर साथ ही उसे अपने अनुचित व्यवहार पर ग्लानि भी होती है। पत्नी साड़ी पहने या गाउन जैसी समस्या से पारिवारिक अशांति की आशंका और पत्नी को अतिशय छूट देने के आरोप से बचने के लिए वह उसे साड़ी पहनने को बाध्य करता है और फिर स्वयं आत्मग्लानि और शर्मिंदगी से पीड़ित होकर सोचता है, 'अपने परिवार वालों के बहकावे में आकर मैंने एक ऐसी बात का समर्थन या पोषण किया है जिसकी कोई सार्थकता, कोई आधार नही है।' भाई-भाभी ने माँ के देहांत के बाद उसे किसी तरह की कमी नही अनुभव करने दी। उनके प्रति कृतज्ञता की भावना के कारण उनकी परम्परावादी विचारधारा का पालन करने के लिए पत्नी के आत्मसम्मान की भावना को ठेस पहुचाने का अपराध बोध उसे हर समय मानसिक कष्ट देता है। उसे प्रतिदिन आफिस से घर जाते समय किसी नई समस्या की संभावना आशंकित करती है। आफिस से छुट्टी होने पर उसे घर जाने की कोई जल्दी नही लगती। ऐसे में उसका वैवाहिक जीवन विषाक्त हो जाता है। रसोई घर में भैया के दुर्व्यवहार की घटना के बाद उसकी सहन सीमा का अतिरेक और अलगौझे की स्थिति का समाधान लेखक ने सकारात्मक रूप से किया है। कहानी के अंत में अपनी भूल स्वीकार करके भैया द्वारा क्षमा याचना करने पर मीनू के कथन, 'बर्तन साथ रहेंगे तो टकरायेंगे ही, पर इससे सम्बंध टूट तो नही जाता।' द्वारा लेखक ने नायक के संघर्ष का सकारात्मक समाधान किया है\|<br>कहानी में बोलचाल की भाषा का प्रवाह है जो नायक की मानसिक ऊहापोह को सशक्त अभिव्यक्ति देकर उसे एक यथार्थवादी धरातल पर स्थापित करता है। जीवन की साधारण दिनचर्या के माध्यम से लेखक ने परम्परा और आधुनिकता के टकराव से जूझते नायक की समस्या का सफलता पूर्वक चित्रण किया है। समस्या के समाधान में लेखक की आदर्शवादी सामाजिक दृष्टि दिखलाई देती है। | **25** |